कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी, चम्पावत

मेरी माटी मेरा देश – प्रेस नोट : दिनांक 05–10–2023

दिनांक 05–10–2023 को महाविद्यालय में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के अध्ययनरत छात्र/छात्राओ के द्वारा अमोड़ी परिक्षेत्र के विविध स्थानों से देश के वीर शहीदों के सम्मान में मिट्‌टी व अपने घरों से चावल लाये गये। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता ने पंच प्रण संकल्प कराया, साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापको, कार्मिकों व छात्र/छात्राओं के द्वारा वसुधा वंदन, वीरों का वंदन कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। अमृत वाटिका' के तहत कलश में अमोड़ी के विभिन्न घरों से छात्र/छात्राओं ने मिट्टी लाकर अमृत कलश यात्रा निकाली। यह 'अमृत वाटिका' 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के प्रति महाविद्यालय की प्रतिबद्धता को व्यक्त किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्रीमती पुष्पा के देखरेख में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 अजिता दीक्षित की अध्यक्षता में प्राध्यापक डॉ0 रेखा मेहता द्वारा सम्पन्न कराया गया। डॉ0 रेखा मेहता के द्वारा यात्रा कलश की सम्पूर्ण तैयारी करायी गयी। कार्यक्रम में श्री अतुल कुमार मिश्र रोवर्स प्रभारी के द्वारा 'मेरी माटी मेरा देश' के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गयी, श्री संजय कुमार गंगवार स्वीप प्रभारी के द्वारा अमृत कलश यात्रा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) अजिता दीक्षित ने अमर जवानों को याद करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की, तथा वीर जवानों के जीवन से प्रेरणा लेते हए्ु राष्ट्रहित में अपनी सजग भूमिका सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। डॉ0 संजय कुमार एन्टीड्रग प्रभारी ने नशा उन्मूलन व स्वस्थ राष्ट्र निर्माण के लिए छात्र/छात्राओं को उत्साहित किया। कार्यक्रम में तन समर्पित, मन समर्पित और यह जीवन समर्पित, चाहता हूँ देश की धरती तुझे कुछ और दूँ। भारत माता की जय, वन्दे मातरम्, मेरी माटी, मेरा देश, बदलेंगे हम परिवेश इत्यादि नारों से महाविद्यालय प्रांगण को राष्ट्रीयता से गुंजायमान व सरावोर कर दिया। कार्यक्रम में मंजू बोहरा, किरन भट्‌ट, हंशा भट्‌ट, राधा भट्‌ट, नीमा भट्‌ट, भावना राणा, गीता भट्‌ट, चारू काण्डपाल, तुलसी भट्‌ट, रश्मि भट्‌ट, निर्मला, पूजा, रूपा, सरोज, हेमा, ओम प्रकाश जोशी, देवेन्द्र नेगी, हरीश जोशी, प्रमोद कुमार, चन्दु कुमार, यमुना विष्ट, रेखा विष्ट, रेनू, निकिता बोहरा, पिंकी आदि छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में श्री हरीश चन्द्र जोशी, श्री महेश सिंह कन्याल, श्री दशरथ सिंह बोहरा, श्री दिनेश चन्द्र सिंह रावत ने सहयोग किया।

प्राचार्य
प्रो0 (डॉ0) अजिता दीक्षित
राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी, चम्पावत

Meri Mati Mera Desh Programm- Rajkiya Mahavidyalaya Amori, Champawat. Date 05-10-2023